अपराध पीड़ित मुआवज़ा

Washington State Department of Commerce

हम समुदायों को मज़बूत करते हैं

अपराध पीड़ित मुआवज़ा (CVC) क्या है?

अपराध पीड़ित मुआवज़ा (crime victim compensation, CVC) श्रम और उद्योग **Labor and Industries (L&I)** के तहत एक ऐसा कार्यक्रम है जो वॉशिंगटन राज्य में एक हिंसक अपराध के परिणामस्वरूप घायल या आघातग्रस्त लोगों के लिए संसाधन प्रदान करता है.

आवेदन नौ भाषाओं में उपलब्ध हैं: अपराध पीड़ितों के फ़ॉर्म व पब्लिकेशन (wa.gov).

अगर CVC और आवेदन के बारे में आपके कोई सवाल हैं तो 1-800-762-3716 पर कॉल करें (टोल फ़्री, दुभाषिए उपलब्ध हैं) या https://lni.wa.gov/claims/crime-victim-claims/apply-for-crime-victim-benefits/ पर विज़िट करें.

CVC द्वारा कवर की गई लागत में शामिल हैं[1]:

- अन्य बीमा द्वारा कवर नहीं किए गए व्यय (सह-भुगतान, डिडक्टिबल्स, आदि)
- अंतिम संस्कार का ख़र्च
- दु: ख परामर्श
- यौन उत्पीड़न के मामलों और/या घरेलू हिंसा गला घोंटने के मामलों के लिए मेडिकल फ़ोरेंसिक जाँच *(इस सेवा के लिए कानून प्रवर्तन को रिपोर्ट की ज़रुरत नहीं है)*
- चिकित्सा और दंत उपचार
- दवाई
- मानसिक स्वास्थ्य उपचार
- आंशिक वेतन हानि प्रतिस्थापन

कौन आवेदन कर सकता है?

जिन लोगों ने:

- Washington राज्य में घोर दुराचार या घोर अपराध के परिणामस्वरूप **शारीरिक चोट या मानसिक स्वास्थ्य** आघात का अनुभव किया हो
- कानून प्रवर्तन को अपराध की सूचना दी हो
- समय पर CVC आवेदन सबमिट किया हो

फ़ाइलिंग ज़रूरतों व सूचनाओं के बारे में और ज़्यादा जानकारी के लिए: कौन फ़ाइल कर सकता है और क्या शामिल है (wa.gov)

क्या विदेशी नागरिक, अप्रवासी आवेदन कर सकते हैं?

हाँ, विदेशी नागरिक, अप्रवासी और बिना डॉक्यूमेंटेशन स्टेटस वाले लोग आवेदन कर सकते हैं

- एक सोशल सिक्यूरिटी नंबर की ज़रुरत नहीं है
- डॉक्यूमेंटेशन या इमीग्रेशन स्टेटस के बारे में कोई सवाल नहीं हैं
- अपराध Washington राज्य में हुआ होना चाहिए
- हरेक राज्य में CVC प्रोग्राम होते हैं

क्या होगा अगर अपराध लंबे समय पहले हुआ हो?

- घटना की कोई पक्की तारीख न होने पर आवेदन में अनुभव (अपराध) का विवरण दिया जा सकता है *CVC को पुलिस रिपोर्ट की ज़रूरत होती है*

क्या होगा अगर अपराध सालों पहले हुआ था, लेकिन पीड़ित ने हाल ही में खुलासा किया?

- CVC घटना की रिपोर्ट करने से संबंधित लोगों के विशिष्ट अनुभव(वों) का आँकलन करेगा

---

[1] CVC एक माध्यमिक भुगतानकर्ता है; सहायता उपलब्ध हो सकती है अगर बीमा या Medicare जैसे अन्य स्रोतों को बिल किया गया है या वे कवरेज प्रदान नहीं कर पा रहे हों.